न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः—डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्याः— 532/2025

श्री संजीव कुमार, ग्राम बिशनपुरा वाया बडागांव, जिला झुंझुनूं, पिन कोड 333021, मो0नं0 8668684419

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

—

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

—

आदेश

दिनांक 22.12.2025

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 09.12.2025 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 532/2025 पर दिनांक 09.12.2025 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2025/5299—5300 दिनांक 09.12.2025 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/2025/1594 दिनांक 22.12.2025 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री संजीव कुमार, निवासी वी0पी0ओ0 बिशनपुरा वाया बडागांव, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे प्राप्त हुआ है। अपीलार्थी द्वारा ग्राम बिशनपुरा मे श्री सांवताराम महाराज आश्रम, बाबा सांवताराम धाम को पब्लिक ट्रस्ट देवस्थान विभाग मे रजिस्ट्रेशन को आदेश या नोटिफिकेशन पारित करने हेतु आवेदन किया है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत कार्यालय मे उपस्थित रिकार्ड की सूचना उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान है। कार्यवाही करने का कोई प्रावधान आरटीआई क्षेत्र से बाहर का है। चाही गई सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्रांक एफ 16 (4)(5) न्याय/सू0अ0/2025/369 दिनांक 28.11.2025 के द्वारा प्रार्थी को सूचित किया जा चुका है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/2025/1594 दिनांक 22.12.2025 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री संजीव कुमार, निवासी वी0पी0ओ0 बिशनपुरा वाया बडागांव, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे प्राप्त हुआ है। अपीलार्थी द्वारा ग्राम बिशनपुरा मे श्री सांवताराम महाराज आश्रम, बाबा सांवताराम धाम को पब्लिक ट्रस्ट देवस्थान विभाग मे रजिस्ट्रेशन को आदेश या नोटिफिकेशन पारित करने हेतु आवेदन किया है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत कार्यालय मे उपस्थित रिकार्ड की सूचना उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान है। कार्यवाही करने का कोई प्रावधान आरटीआई क्षेत्र से बाहर का है। चाही गई सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्रांक एफ 16 (4)(5) न्याय/सू0अ0/2025/369 दिनांक 28.11.2025 के द्वारा प्रार्थी को सूचित किया जा चुका है। चूंकि प्रार्थी ने अपने प्रा0प0 द्वारा कार्यवाही करने का निवेदन किया है। कार्यवाही करने का कोई प्रावधान आरटीआई क्षेत्र से बाहर का है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 22.12.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ0 अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं